**Court No. - 85**

**Case :-** APPLICATION U/S 482 No. - 23978 of 2022

**Applicant :-** Ashwani Kumar And 5 Others
**Opposite Party :-** State of U.P. and Another
**Counsel for Applicant :-** Madan Singh
**Counsel for Opposite Party :-** G.A.

**Hon'ble Gautam Chowdhary,J.**

आवेदकगण की ओर से धारा 482 दं0प्र0सं0 के अन्तर्गत यह आवेदन पत्र, मु0अ0सं0 75 सन 2022, अन्तर्गत धारा 498–ए, 323, 504, 506 भा0दं0वि0 एवं 3/4 दहेज प्रतिषेध अधिनियम, थाना सम्भल, जिला सम्भल में प्रेषित आरोप पत्र सं0 143/2022 से उद्भूत वाद सं0 1996 सन 2022, जो न्यायिक मजिस्ट्रेट, सम्भल के न्यायालय में लम्बित है तथा इसमें पारित प्रसंज्ञान/तलबी आदेश दि0 19–7–2022 के विरूद्ध दायर किया गया है।

आवेदकगण के विद्वान अधिवक्ता एवं विद्वान अपर शासकीय अधिवक्ता को सुना तथा पत्रावली का परिशीलन किया।

आवेदकगण के विद्वान अधिवक्ता का कथन है कि इस प्रकरण में पक्षकारों के मध्य सुलह समझौता हो जाने की संभावना है, इसलिए इस प्रकरण को संबंधित अवर न्यायालय के सुलह समझौता केन्द्र को रेफर कर दिया जाय।

विद्वान अपर शासकीय अधिवक्ता को उनका यह अनुरोध स्वीकार किए जाने में कोई आपत्ति नहीं है।

मामले के तथ्यों एवं परिस्थितियों के दृष्टिगत इस प्रकरण में यह निर्देशित किया जाता है कि दोनों पक्षकार संबंधित अवर न्यायालय के समक्ष उपस्थित होकर मामले को सुलह समझौता के द्वारा निस्तारित करने के लिए आवेदन पत्र प्रस्तुत करें। यदि प्रकरण को सुलह समझौता के आधार पर निस्तारित करने के संबंध में आवेदन पत्र अवर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जाता है तो संबंधित न्यायालय द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किए जाने की तिथि से एक सप्ताह के अन्दर उस पर उचित आदेश पारित किया जाय तथा संबंधित मीडिऐशन सेन्टर द्वारा उसे 4 माह के अन्दर निस्तारित कर दिया जाय।

आज से 5 माह तक आवेदकगण के विरूद्ध उपरोक्त वाद में समस्त अग्रिम कार्यवाही स्थगित रहेगी।

यहॉ पर यह स्पष्ट किया जाता है कि यदि पक्षकारों के मध्य उक्त मीडिऐशन की प्रक्रिया विफल होती है तो संबंधित अवर न्यायालय उपरोक्त वाद में आवेदकगण के विरूद्ध नियमानुसार विधिक कार्यवाही करने को स्वतंत्र है, और यदि पक्षकारों के मध्य उक्त मीडिऐशन की प्रक्रिया सफल होती है तो आवेदकगण मीडिऐशन सेन्टर की उस आख्या के साथ इस न्यायालय में आने को स्वतंत्र हैं।

उपरोक्त अभ्युक्ति के साथ धारा 482 दं0प्र0सं0 के अन्तर्गत प्रस्तुत किया गया यह आवेदन पत्र अन्तिम रूप से **निस्तारित** किया जाता है।

**दि0 : 31–8–2022**
के0सी0सिंह

Digitally signed by KAILASH CHANDRA SINGH
Date: 2022.08.31 17:00:06 IST
Reason:
Location: High Court of Judicature at Allahabad